## प्रादेशिक समाचार

### दिनांक–27.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 12 राज्यों के अट्ठासी सीटों के लिए लगभग 66 प्रतिशत मतदाताओं ने डाले वोट, त्रिपुरा में सबसे ज्यादा तो उत्तर प्रदेश में सबसे कम वोटिंग।
- पुलिस मुख्यालय में लोकसभा चुनाव के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर हुई उच्च स्तरीय बैठक, अपराधियों–उग्रवादियों के खिलाफ ड्राइव चलने का सभी जिलों को निर्देश।
- सर्वोच्च न्यायालय का राज्य सरकार और जेएसएससी को अदालत की अनुमति के बिना सहायक आचार्य नियुक्ति का परिणाम प्रकाशित नहीं करने का निर्देश।
- राजधानी रांची में बर्ड फ्लू के संभावित संक्रमण से निपटने के लिए केंद्रीय टीम की स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ हुई बैठक, सदर अस्पताल में भी दस बेड आरक्षित।
- तीरंदाजी विश्व कप में भारत का शानदार प्रदर्शन जारी, झारखंड की दीपिका कुमारी ने सेमीफाइनल में जगह बनाई, भारतीय तीरंदाजों ने चार और मेडल किए पक्के।

*******************

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में बारह राज्यों के अट्ठासी सीटों पर लगभग छियासठ प्रतिशत मतदान हुआ। त्रिपुरा में सबसे ज्यादा उनासी दशमलव चार छह प्रतिशत तो उत्तर प्रदेश में सबसे कम चौवन दशमलव आठ पांच प्रतिशद वोटिंग हुई। वहीं, मणिपुर, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, असम औऱ जम्मू कश्मीर में सत्तर प्रतिशत से ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। केरल तथा कर्नाटक में पैंसठ प्रतिशत से ज्यादा, राजस्थान में चौंसठ और मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा बिहार में पचपन प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने वोट डाले। हालांकि मतदान का अंतिम रिपोर्ट आना बाकी है।

*******************

राज्य में लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस मुख्यालय में उच्च स्तरीय बैठक हुई। आईजी अभियान– सह– राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में वरीय पुलिस पदाधिकारियों और जिलों के पुलिस अधीक्षकों की इस बैठक में विधि व्यवस्था, मादक पदार्थों और शराब की तस्करी तथा उग्रवादियों–अपराधियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई की समीक्षा की गई। इस मौके पर अधिकारियों को उग्रवाद प्रभावित इलाकों में लगातार अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

*******************

झारखंड के हजारीबाग, चतरा और कोडरमा लोकसभा सीट के लिए कल अधिसूचना जारी होने के साथ नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। पहले दिन तीन प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। इसमें चतरा से भारतीय जनता पार्टी के कालीचरण सिंह और एक निर्दलीय तथा कोडरमा से एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र भरा । वहीं, हजारीबाग सीट और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन नहीं किया गया । आज और कल अवकाश की वजह से नामांकन नहीं होगा ।

*******************

राज्य के सर्विस और अब्सेंटी मतदाताओं का पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित करने के लिए फार्म 12 और 12 –डी को आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय स्थित एक्सचेंज सेंटर में विभिन्न जिलों से लाने के बाद संबंधित लोकसभा क्षेत्रों के लिए भेजा गया । इस मौके पर विभिन्न जिलों से आए अधिकारी और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

*******************

झारखंड में लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने इकतालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत कई राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर के नेता शामिल हैं।

*******************

धनबाद लोकसभा सीट के होने वाले चुनाव को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को अदालत की अनुमति के बगैर सहायक आचार्य नियुक्ति का रिजल्ट प्रकाशित नहीं करने को कहा है। न्यायाधीश जेके माहेश्वरी और न्यायाधीश संजय करोल की खंडपीठ ने जेट पास अभ्यर्थी संघ की ओर से सीटेट तथा पड़ोसी राज्यों के टेट पास अभ्यर्थियों को इस परीक्षा में शामिल करने के मामले में दाखिल एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

*******************

राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से पुलिस ने लगभग चवालीस किलोग्राम गांजा के साथ दो महिला समेत चार तस्करों को कल गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि इस गांजे को रांची से बनारस ले जाने की जानकारी मिलने के बाद यह कार्रवाई की गयी।

*******************

हटिया – पूर्णिया कोर्ट एक्सप्रेस आज हटिया स्टेशन से अपने निर्धारित समय सवेरे पांच बजकर पचपन मिनट की बजाय सुबह नौ बजकर पच्चीस मिनट पर खुलेगी। लिंक रेट में विलंब की वजह से इस ट्रेन के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया है।

वहीं टाटा– पटना समर स्पेशल ट्रेन आज से उनतीस जून तक हर शुक्रवार को चलेगी. यह ट्रेन टाटा से खुलकर शाम पांच बजकर पांच मिनट पर गोमो होते हुए पटना पहुंचेगी। वहीं पटना से शुक्रवार को रात ग्यारह बजकर पांच मिनट पर खुलने के बाद यह ट्रेन शनिवार को सवेरे सवा आठ बजे टाटा पहुंचेगी।

*******************

रांची में बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को लेकर केंद्रीय टीम ने कल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बर्ड फ्लू के संक्रमण के फैलाव को रोकने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की आपात स्थिति से निपटने की चल रही तैयारियों की जानकारी राज्य सरकार से ली। इधर, सदर अस्पताल में बर्ड फ्लू के मरीजों के ईलाज के लिए दस बिस्तरों को सुरक्षित रखा गया है। राजधानी रांची के होटवार स्थित पशुपालन विभाग के क्षेत्रीय कुकुट प्रक्षत्र में पाली गई मुर्गियों और बत्तख में बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है।

*******************

चीन के शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्‍व कप में भारतीय तीरंदाजों का शानदार प्रदर्शन जारी है। झारखंड़ की दीपिका कुमारी ने महिलाओं की रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर् फाइनल में दक्षिण कोरिया की जियोन हुनयंग को हराकर अंतिम चार में पहुंच गई है। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा की कंपाउंड मिकस्ड टीम ने फाइनल में जगह बनाई। ज्योति महिला कंपाउंड टीम में भी शामिल है जो फाइनल में पहुंच चुकी है। भारतीय तीरंदाज चार टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचकर मेडल पक्का कर चुके हैं।

*******************

मौसम विभाग ने राज्य भर में अगले चार दिनों तक हीट वेव को लेकर अलर्ट जारी किया है। इधर राज्य के अठारह जिलों का तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड किया गया । वहीं, अन्य जिला में भी भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रही है। विभाग ने बताया कि फिलहाल बारिश की कोई संभावना नहीं है।

- *******************

- झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद ने पॉलीटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। विद्यार्थी पर्षद की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।
- देवघर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हत्या समेत अन्य आपराधिक घटनाओं में शामिल तीन अपराधियों को हथियारों के साथ कल गिरफ्तार कर लिया।
- बीसीसीआई की ओर से धनबाद के गोल्फ ग्राउंड में आज और कल फैन पार्क का आयोजन किया जाएगा। यहां आईपीएल मैच का बड़े स्क्रीन पर सीधा प्रसारण होगा। यहां दर्शकों के मनोरंजन के लिए भी कई कार्यक्रम होंगे।
- पूर्व अंतराष्ट्रीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर आज जमशेदपुर आएंगे। वे यहां एक निजी अस्पताल के कार्यक्रम में शामिल होंगे।

*******************

अखबारों की सुर्खियों से–

राज्य से प्रकाशित होने वाले अखबारों ने दूसरे चरण में लोकसभा की 88 सीटों पर हुए मतदान से जुड़े खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को अदालत की अनुमति के बगैर सहायक आचार्य का रिजल्ट नहीं जारी करने के दिए निर्देश की खबर को सुर्खी बनाई है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है चतरा से कालीचरण का नामांकन, गांडेय से कल्पना ने खरीदा पर्चा ।

दैनिक भास्कर ने राज्य में अगले चार दिनों तक हीट वेव चलने से जुड़ी खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक जागरण की सुर्खी है जमानत नहीं मिली तो वोट नहीं दे सकेंगे हेमन्त सोरेन।

राष्ट्रीय नवीन मेल और अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स तथा टाइम्स ऑफ इंडिया ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ईवीएम– वीवीपैट के शत प्रतिशत मिलान करने की मांग से संबंधित याचिकाओं को खारिज करने` से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

*******************